अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 29 जून 2026
द्वितीय ज्येष्ठ-पूर्णिमा
विक्रम संवत-2083

PAGE NO .- 08 : MIDDLE

# हास्य, व्यंग्य और तकरार ने खूब हंसाया

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम जय सिंह निर्देशित नाटक 'द प्रपोजल्स' का मंचन किया गया। अलीगढ़ की रंगसाज आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी की ओर से प्रस्तुत यह नाटक एंटोन चेखव के दो प्रसिद्ध हास्य नाटकों 'द प्रपोजल' और 'द बेयर' पर आधारित रहा।

इस नाटक में मानवीय अहंकार, रिश्तों की जटिलताओं और प्रेम की अप्रत्याशित प्रकृति को हास्य और व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाटक में ऐसे पात्रों की कहानी दिखाई गई, जो अपने-अपने स्वभाव, जिद और पूर्वाग्रहों के कारण लगातार टकराते रहते हैं।

कहीं विवाह प्रस्ताव बहस और झगड़े में बदल जाता है, तो कहीं पैसों के लेन-देन का विवाद अप्रत्याशित भावनात्मक संबंध का रूप ले लेता है। छोटी-छोटी बातों पर होने वाले संघर्ष हास्यास्पद परिस्थितियां पैदा करते हैं और दर्शकों को हंसी के साथ-साथ आत्मचिंतन का अवसर भी देते हैं।

मुख्य पात्र माइकल डिसूजा की भूमिका खुद इसके निर्देशक जय सिंह ने निभाई। स्टीफन की भूमिका में अनुज श्रीकृष्णा दिखे। अन्य भूमिकाएं वंदना और आरजू सिद्दीकी, नकुल, सिमरनोव ने निभाई। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद